देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 148 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
लक्ष्य से आगे



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 16 सितंबर 2023



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 23.0° | 67838.63 | 2 पाकिस्तान हर साल बढ़ा रहा परमाणु ताकत | 7 विराट कोहली को आराम

# कोरोना से अधिक जानलेवा है निपाह वायरस

## आईसीएमआर ने कहा- निपाह संक्रमण में मृत्यु दर 40 प्रतिशत से 70 प्रतिशत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। केरल में निपाह वायरस संक्रमण को लेकर राज्य सरकार के साथ ही केंद्र सरकार भी अलर्ट हो गई है। राज्य में निपाह वायरस संक्रमण के 5 मामले सामने आ चुके है। संक्रमण की बढ़ती आशंका को देखते हुए कंटेनमेंट जोन के साथ ही स्कूलों को भी बंद कर दिया गया है। इस पूरे मामले को लेकर आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने पूरी स्थिति को देश के सामने रखा। डॉ. बहल ने कहा कि यह जूनोटिक टाइप की बीमारी है। इस फ्रूट बैट (चमगादड़)से फैलती है। यह सबसे पहले मनुष्यों में मलेशिया में पाया गया था। यह संक्रमण सुअरों से मनुष्यों में फैला। इसके बाद इसके मामले भारत और बांग्लादेश में सामने आए। आईसीएमआर में निपाह वायरस संक्रमण में मृत्यु दर को लेकर चिंता व्यक्त की है।

डॉ. बहल ने कहा कि निपाह संक्रमण में मृत्यु दर कोरोना संक्रमण से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि कोरोना से जहां 2 फीसदी से 3 फीसदी ही लोगों की मौत होती थी। वहीं, निपाह वायरस संक्रमण में मृत्यु दर 40 फीसदी से लेकर 70 फीसदी तक है। निपाह वायरस के खतरे के सवाल पर डॉ. राजीव बहल ने कहा कि पहली बात यह है कि वायरस यदि मनुष्य को संक्रमित करता है तो कितना खतरा है। इसका जवाब है कि यह बहुत गंभीर है। इसमें दूसरी बात होती कि वायरस का संक्रमण कितना है?

निपाह वायरस के खतरे को लेकर डॉ. बहल ने कहा कि यह कोरोना की तरह तेजी से नहीं फैलता है। अभी तक इसके अधिकतम मामले 100 तक ही गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत में इसके मामले तो अन्य देशों की तुलना में बहुत कम हैं।

**क्या ऐहतियात है जरूरी:** आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने निपाह वायरस की रोकथाम और प्रसार के खिलाफ एहतियाती उपायों की सूची दी। उन्होंने कहा कि 4–5 उपाय हैं, उनमें से कुछ बिल्कुल वही हैं जो कोविड के खिलाफ उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें बार–बार हाथ धोना, मास्क लगाना शामिल है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण है मानव रोगी के साथ संपर्क है। इसमें पहला रोगी इसे कहीं से प्राप्त करता है। ऐसे में अन्य उस रोगी के संपर्क वाले होते हैं। डॉ. बहल ने कहा कि तीसरी सबसे महत्वपूर्ण बात दूर रहना या शरीर के तरल पदार्थ, रक्त के संपर्क में नहीं आना है।

### पूरे राज्य में संक्रमण का खतरा

सरकार ने बताया कि मौजूदा वायरस इंसानों से इंसानों में फैलता है। इसकी मृत्यु दर अधिक है, हालांकि यह वायरस कम संक्रामक है। सरकार ने यह भी कहा है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और ICMR की स्टडी से यह बात सामने आयी है कि केवल कोझिकोड ही नहीं बल्कि पूरे केरल राज्य में इस तरह के संक्रमण के फैलने का खतरा है।





### संक्रमण को रोकने में जुटी सरकार

आईसीएमआर के डीजी ने कहा कि हमारे लिए पांच की संख्या भी बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार और अन्य संबंधित संस्थाए निपाह संक्रमण को सीमित में जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा कि हमें इसे सीमित करना है। निपाह वायरस के वेरिएंट के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी इसकी जीनोम सिक्वेंसिंग हो रही है।

### निपाह वायरस का ये कौन सा टाइप है?

केरल में मौजूद निपाह वायरस के प्रकार का जीनोटाइप । होने की आशंका है। निपाह के तीन जीनोटाइप हैं– मलेशिया एम जीनोटाइपय बांग्लादेश बी जीनोटाइपय भारत ।जीनोटाइप। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के शीर्ष वायरोलॉजी के एक्सपर्ट के अनुसार, भारत में, दो जीनोटाइप आमतौर पर पाए जाते हैं। इनमें एक बांग्लादेश बी और भारत । होता है। बाद वाला वह है जो केरल में चमगादड़ों और मनुष्यों में पाया गया है। सरकार ने कहा है कि वनक्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सबसे अधिक सावधानी बरतनी होगी। इसकी वजह है कि निपाह वायरस का सबसे नया मामला एक वनक्षेत्र के पांच किलोमीटर के भीतर सामने आया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम विश्वकर्मा योजना का रविवार को शुभारंभ करेंगे पीएम मोदी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के मौके पर पीएम विश्वकर्माश योजना को लॉन्च करेंगे। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के द्वारका में स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक, पीएम विश्वकर्मा योजना पारंपरिक शिल्प में लगे लोगों को सहायता और कौशल प्रदान करने के पीएम मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे : हिमंत बिस्वा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) पटना। बिहार यात्रा पर पहुंचे असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को आईएनडीआईए गठबंधन पर हमला बोला। उन्होंने आईएनडीआईए के नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे।

# मुठभेड़ के बीच सुरक्षाबलों के हाथ लगी कामयाबी

## लश्कर के 2 आतंकियों को जिंदा पकड़ा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग जिले में जारी मुठभेड़ के बीच सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) के एक आतंकी मॉड्यूल का खुलासा किया गया है। इस दौरान पुलिस ने दो आतंकवादियों की जिंदा गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार और गोला–बारूद बरामद किया गया है।

पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लश्कर ए–तैयबा के दो आतंकवादी सहयोगियों को उत्तरी कश्मीर में बारामूला के उरी इलाके से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके कब्जे से दो पिस्तौल और पांच हथगोले सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों की पहचान बारामूला निवासी जैद हसन मल्ला और मोहम्मद आरिफ चन्ना के रूप में की है। एक बयान में कहा, ष्दोनों सीमा पार पाकिस्तान स्थित अपने आकाओं के इशारे पर हथियारों और गोला–बारूद की तस्करी करते हैं और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इन हथियार और गोलाबारूद को लश्कर के आतंकवादियों तक पहुंचाने का काम करते हैं।

बारामूला पुलिस और सेना की आठवीं राष्ट्रीय राइफल्स ने इन दोनों आतंकवादी सहयोगियों को संयुक्त अभियान के तहत सीमांत इलाके उरी से गिरफ्तार किया गया था। संयुक्त टीम को उनकी तलाशी के दौरान उनके पास से दो ग्लॉक पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, दो पिस्तौल साइलेंसर, पांच चीनी में नर्मिति ग्रेनेड और 28 कारतूस जब्त कर उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया गया।

### एक और जवान वीर गति को प्राप्त, मुठभेड़ जारी

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग के गडूल के जंगलों में लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को ऑपरेशन जारी है। घने जंगल और पहाड़ के बीच आतंकियों के संदिग्ध ठिकाने पर ड्रोन से ग्रेनेड दागे गए हैं। बीच–बीच में गोलीबारी भी हो रही है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में जख्मी एक और जवान की जान चली गई है।

# लोकप्रियता के मामले में फिर टॉप पर पीएम मोदी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। मॉर्निंग कंसल्ट के एक सर्वेक्षण से पता चला है कि 76 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को पीछे छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 76 प्रतिशत की अनुमोदन रेटिंग के साथ फिर से सबसे लोकप्रिय वैश्विक नेता के रूप में उभरे हैं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन सातवें स्थान पर:** ग्लोबल लीडर अप्रूवल सर्वेक्षण के अनुसार, पीएम नरेंद्र मोदी की अप्रूवल रेटिंग सूची में दूसरे स्थान पर काबिज स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति एलेन बर्सेट से 12 प्रतिशत अधिक है। पीएम नरेंद्र मोदी पिछले कुछ सालों से लगातार इस लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 40 प्रतिशत की अनुमोदन रेटिंग के साथ सूची में सातवें स्थान पर हैं, जो मार्च के बाद से उनकी उच्चतम रेटिंग है।

रेटिंग के अनुसार, पीएम मोदी की रेटिंग ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीस, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सहित अन्य नेताओं से आगे है। सर्वेक्षण में रेटिंग के लिए 22 वैश्विक नेताओं का सर्वेक्षण किया गया।

### रेटिंग

■बाइडन और सुनक को पछाड़ा बने सबसे लोकप्रिय वैश्विक नेता

**22 वैश्विक नेताओं के सर्वेक्षण पर आधारित है सूची**

विशेष रूप से, 6–12 सितंबर, 2023 तक एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, नरेंद्र मोदी की सूची में सबसे कम अस्वीकृति रेटिंग भी केवल 18 प्रतिशत है। सूची में शीर्ष 10 नेताओं में, कनाडा के जस्टिन ट्रूडो की अस्वीकृति रेटिंग सबसे अधिक 58 प्रतिशत है। बता दें राजनीतिक खुफिया अनुसंधान फर्म द्वारा एकत्र किया गया।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# लीडर की भूमिका में कार्य करें: सीएम

### बेसहारा और निर्धन बच्चों के बीच पहुंचे सीएम धामी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को दिल्ली से लौटते के बाद बनियावाला देहरादून स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास में बेसहारा और निर्धन बच्चों के बीच पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर छात्रावास के बच्चों के साथ केक काटा और बच्चों को उपहार देकर उनके साथ कुछ समय बिताया। मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ बैठ कर भोजन भी किया तथा अपने हाथों से बच्चों को भोजन कराया। इस अवसर पर बच्चों की ओर से रंगारंग प्रस्तुतियां भी दी गई।

मुख्यमंत्री को अपने बीच देखते हुए बच्चे उत्साहित दिखे। बच्चों ने दीप जलाकर, गायत्री मंत्र और गणेश वंदना करते हुए मुख्यमंत्री के स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण भी किया। सीएम ने सभी विद्यार्थियों से कहा जब हम किसी लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करते हैं, तो उसमें सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि जीवन में जिस भी क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं, लीडर की भूमिका में कार्य करें।

## न्यूज डायरी



### भारत ने हमेशा शांति स्थापना में निभाई महत्वपूर्ण भूमिकाः रुचिरा कंबोज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि शांति हमेशा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत की आधारशिला रही है। उन्होंने कहा कि हमने (भारत) अहिंसा, सद्भाव और सह–अस्तित्व के आदर्शों का पालन किया है। रुचिरा कंबोज ने कहा कि महात्मा गांधी अहिंसात्मक प्रतिरोध के चैंपियन थे और उनका प्रभाव हमेशा रहा है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जैसे महान नेताओं ने भारत को प्रभावित किया है। इसके अलावा, उन्होंने शांति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने महात्मा गांधी जैसे महान नेताओं की सीख को अपनाया है। रुचिरा कंबोज संयुक्त राष्ट्र में शांति पर चर्चा कार्यक्रम में बोल रही थी। इससे पहले जुलाई में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए, रुचिरा कंबोज ने कहा था कि ग्लोबल साउथ के साथ भारत की 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर की विकास परियोजनाएं लोगों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

### कंगाल पाकिस्तान हर साल बढ़ा रहा परमाणु ताकत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। पाकिस्तान के पास तकरीबन 170 परमाणु हथियारों का भंडार है जो मौजूदा वृद्धि दर के हिसाब से 2025 तक करीब 200 तक बढ़ सकता है। अमेरिका के शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर बना हुआ है। इस रिपोर्ट के मुताबिक हो सकता है कि पाकिस्तान अपने हथियारों के इजाफे पर कुछ लगाम लगा दे। लेकिन ऐसा तब होगा जब भारत अपनी ताकत में कोई इजाफा न करे। वैज्ञानिकों का मानना है कि जब तक भारत अपनी ताकत में इजाफा करता रहेगा, तब तक पाकिस्तान भी अपने हथियारों को बढ़ाता रहेगा। बुलेटिन ऑफ अटॉमिक साइंटिस्ट्स' में 11 सितंबर को आए एक आर्टिकल न्यूक्लियर नोटबुक' में कई चौंकाने वाली बातें कही गई हैं। इसमें कहा गया है, हमारा अनुमान है कि पाकिस्तान के पास करीब 170 परमाणु हथियारों का भंडार है। अमेरिका की रक्षा खुफिया एजेंसी ने 1999 में अनुमान जताया था कि पाकिस्तान के पास साल 2020 तक 60 से 80 परमाणु हथियार होंगे लेकिन तब से कई नई हथियार प्रणालियां तैनात और विकसित की गई हैं।

### इंग्लैंड के सबसे बड़े शहरों में शुमार बर्मिंघम हो चुका है दिवालिया!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पिछले दिनों एक रिपोर्ट आई जिसने सबको चौंकाकर रख दिया है। इस रिपोर्ट मुताबिक इंग्लैंड के सबसे बड़े शहरों में शुमार बर्मिंघम दिवालिया हो चुका है। यहां के सिटी काउंसिलर जॉन कॉटन की मानें तो शहर के सामने चुनौतियां काफी ज्यादा हैं। वहीं अब सिटी काउंसिल का एक वीडियो लोग शेयर कर रहे हैं जिसमें बताया गया है कि कैसे पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले लोगों ने यहां पर बेरोजगारी में बढ़ावा दिया है। बर्मिंघम वह जगह हैं जहां पर पाकिस्तानी आबादी सबसे ज्यादा है। इस वीडियो के बाद अब कुछ लोग बर्मिंघम की स्थिति के लिए पाकिस्तान के नागरिकों को दोष देने लगे हैं। साल 2021 के आंकड़ों के मुताबिक बर्मिंघम में कुल 355384 एशियाई हैं। इनमें से 66519 भारतीय और 195102 पाकिस्तानी हैं। वहीं बांग्लादेश के नागरिकों की संख्या 48232 है।

### सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ की याचिका लौटाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान स्थित जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने गुरुवार को आपत्तियों के साथ पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ की याचिका लौटा दी है। बता दें कि इस याचिका में 90 दिनों के भीतर देश में राष्ट्रव्यापी चुनाव कराने की मांग की गई थी। बता दें कि ये याचिका वापस कर दी गई क्योंकि पूर्व सत्तारूढ़ गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने से पहले संबंधित मंचों पर संपर्क नहीं किया था। याचिका में PTI ने प्रतिवादी के रूप में पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को भी शामिल किया।

# उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने किया रूसी फाइटर जेट प्लांट का दौरा

**चिंता** बढ़ने लगी संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगिया की चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को। उत्तर कोरिया के तानाशाही नेता किम जोंग उन ने अपनी रूस की यात्रा के दौरान एक स्वीकृत लड़ाकू जेट संयंत्र का निरीक्षण किया। इसके बाद से संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों में डर है कि अब यूक्रेन में रूस की सेना मजबूत हो सकती है और प्योंगयांग के मिसाइल कार्यक्रम को बढ़ावा मिल जाएगा।



**किम ने पुतिन को किया आमंत्रित** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक शिखर सम्मेलन के लिए उत्तर कोरियाई नेता से मुलाकात की। इसमें उन्होंने सैन्य मामलों और सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की और इसके लिए किम ने पुतिन को उत्तर कोरिया आने के लिए आमंत्रित किया है। किम ने सुदूर पूर्वी शहर कोम्सोमोल्स्क–ऑन–अमूर में दो विमानन सुविधाओं, यूरी गगारिन एविएशन प्लांट और याकोवलेव प्लांट का दौरा किया। गौरतलब है कि दोनों यूएसी की इकाइयां हैं, जिन्हें यूक्रेन में युद्ध के कारण पश्चिम द्वारा मंजूरी दी गई है।

**किम ने असेंबली कार्यशालाओं का किया निरीक्षणः** गगारिन संयंत्र को भी विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा मंजूरी दी गई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, रूसी सरकार ने कहा कि उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ किम ने गगारिन संयंत्र में असेंबली कार्यशालाओं का निरीक्षण किया, जहां सुखोई एसयू–35 मल्टीरोल लड़ाकू विमान और एसयू–57 लड़ाकू विमान बनाए जाते हैं। सरकार ने कहा किम जोंग उन और डेनिस मंटुरोव ने लड़ाकू विमान असेंबली प्लांट और Su–35 विमान की अंतिम असेंबली शॉप और पांचवीं पीढ़ी के Su–57 विमानन परिसर का निरीक्षण किया।

**तकनीकी क्षमताओं का किया निरीक्षणः** रूसी सरकार ने कहा, प्रतिनिधिमंडल ने संयंत्र की तकनीकी क्षमताओं का भी निरीक्षण किया, जिसे आधुनिक बनाया गया है और फिर से तैयार किया गया है। गौरतलब है कि किम ने Su–35 की उड़ान प्रदर्शन देखने से पहले, उन कार्यशालाओं का निरीक्षण किया, जहां रूस के सुखोई सुपरजेट 100 के धड़ और विंग बनाए जाते हैं। मंटुरोव ने कहा हमने डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के नेता को अपनी अग्रणी विमान उत्पादन सुविधाओं में से एक का प्रदर्शन किया है। हम विमान निर्माण और अन्य उद्योगों दोनों में सहयोग की संभावना पर नजर बनाए हुए हैं।

**पुतिन और किम की दोस्ती से बढ़ रही चिंताः** संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए किम और पुतिन के बीच बढ़ रही दोस्ती चिंता का विषय है। वाशिंगटन ने आरोप लगाया है कि उत्तर कोरिया ने रूस को हथियार मुहैया कराया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि हथियारों की कोई डिलीवरी की गई है या नहीं। रूस और उत्तर कोरिया दोनों ने उन दावों का खंडन किया है, लेकिन रक्षा सहयोग को गहरा करने का वादा किया है।

## दो हफ्ते से चीनी रक्षा मंत्री गायब! चीन का नहीं आया जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान में अमेरिकी राजदूत रहम इमैनुएल ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में सवाल किया कि क्या चीन के रक्षा मंत्री को घर में नजरबंद कर दिया गया है? राजदूत ने कहा कि इससे चीन की जनता में दो हफ्ते से भ्रम बढ़ गया है। एक्स पर एक पोस्ट में रहम इमैनुएल ने लिखा, पहला रक्षा मंत्री ली शांगफू को तीन हफ्ते से न तो देखा गया है और न ही सुना गया है। दूसरारू वह अपनी वियतनाम यात्रा पर भी नहीं देखे गए। अब रक्षा मंत्री शांगफू सिंगापुर के नौसेना प्रमुख के साथ अपनी निर्धारित बैठक से अनुपस्थित रहे क्योंकि उन्हें घर में नजरबंद कर दिया गया था? इस पोस्ट के साथ हैशटैग #MysteryInBeijingBuilding" लिखकर अमेरिकी राजदूत ने विलियम शेक्सपियर के नाटक हैमलेट का एक उदाहरण भी दिया है। चीन में कुछ तो हो रहा है। हालांकि, चीन के विदेश और रक्षा मंत्रालयों ने अमेरिकी राजदूत रहम इमैनुएल की टिप्पणी पर कोई जवाब नहीं दिया है।

समाचार एजेंसी ने गुरुवार को बताया था कि रक्षा मंत्री ली को पिछले हफ्ते अपनी वियतनाम के रक्षा नेताओं के साथ बैठक से अचानक बाहर निकल गए थे। उन्हें आखिरी बार 29 अगस्त को बीजिंग में अफ्रीकी देशों के साथ एक सुरक्षा मंच पर मुख्य भाषण देते हुए देखा गया था।



अपोलो मिशन के लैंडर से चंद्रमा पर लगे झटके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। जिस तरह धरती पर भूकंप आते हैं, उसी तरह चंद्रमा पर भी झटके लगते हैं। इसे चंद्रकंप कहा जाता है। एक नई रिसर्च में सामने आया है कि चंद्रमा पर आने वाले कुछ भूकंप के लिए अमेरिका के भेजे गए अंतरिक्ष यान जिम्मेदार हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक एल्गोरिदम का उपयोग करके नासा के अपोलो मिशन के समय के डेटा का विश्लेषण किया गया। इस डेटा के जरिए पहली बार चंद्रमा पर भूकंपी गतिविधियों के एक अज्ञात रूप का खुलासा हुआ। जियोफोन ने पाया कि झटके उस जगह लग रहे हैं, जहां पर लैंडर मॉड्यूल है। जियोफोन और लैंडर मॉड्यूल के बीच सैकड़ों फीट की दूरी थी। स्टडी में शोधकर्ताओं ने लिखा, श्आठ महीने में हजारों झटके रिकॉर्ड हुए, लेकिन उनकी क्वालिटी अच्छी नहीं थी।

## नौ दिनों बाद दोबारा खुली मुख्य अफगानिस्तान–पाकिस्तान तोरखम सीमा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेशावर। मुख्य अफगानिस्तान पाकिस्तान भूमि सीमा नौ दिनों तक बंद रहने के बाद शुक्रवार को एक बार फिर खोल दी गई है। एक वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी ने रॉयटर्स को इस बात की जानकारी दी है। दोनों पक्षों की सेनाओं के बीच गोलीबारी के बाद पिछले हफ्ते से पड़ोसी देशों के बीच तोरखम सीमा बंद कर दी गई थी, जिससे हजारों यात्री और सामान से लदे सैकड़ों ट्रक बीच में फंस गए थे।

**सीमा की दोनों ओर फंसी गाड़ियां** तोरखम में एक सुरक्षा अधिकारी ने मामले की संवेदनशीलता के कारण नाम न छापने की शर्त पर समाचार एजेंसी रायटर्स को बताया,

तालिबान और पाकिस्तान के बीच हुई गोलीबारी के बाद हुई थी सील

पाकिस्तानी और अफगान अधिकारियों के बीच बातचीत करने के बाद इस मुद्दे को सुलझा लिया और सीमा खोल दी गई। उन्होंने कहा कि उत्तर–पश्चिमी पाकिस्तान में सीमा पार करने के कारण हजारों सामान से भरी हुई गाड़ियां सीमा के दोनों ओर फंसी हुई हैं।

**पुलिस चौकी पर शुरू हुई गोलीबारी** पाकिस्तान ने कहा कि तालिबान प्रशासन ने गैरकानूनी ढांचे के निर्माण के साथ उसके क्षेत्र पर अतिक्रमण करने की कोशिश की थी। साथ ही, उन्होंने अफगानी बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करने का भी आरोप लगाया। तालिबान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान सुरक्षाबलों ने उसके सैनिकों पर गोलीबारी की, क्योंकि उन्होंने सीमा के पास एक पुरानी सुरक्षा चौकी को फायरिंग कर दी थी।

**अफगान अधिकारियों ने आरोपों से किया इनकारः** उन्होंने जमीन से घिरे अफगानिस्तान के लिए एक प्रमुख प्रवेश बिंदु पर सीमा बंद करने की आलोचना की। दोनों पड़ोसियों के बीच के संबंध कई बार तनावपूर्ण हुए हैं, इसमें सीमा विवाद और खासकर पाकिस्तान के आरोपों को लेकर कि आतंकवादी अफगानिस्तान में अपने ठिकानों से उसके क्षेत्र में हमले शुरू कर सकते हैं। हालांकि, अफगान अधिकारी इससे इनकार करते हैं।

### यूक्रेन ने क्रीमिया में तबाह किया रूसी ब्रह्मास्त्र एस–400 सिस्टम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले करीब डेढ़ साल से जारी भीषण युद्ध में अब एक नया मोड़ आ गया है। यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने रूस के ब्रह्मास्त्र कहे जाने वाले एस–400 डिफेंस सिस्टम को क्रीमिया में तबाह कर दिया है। यूक्रेन ने कहा कि उसने येवपतोरिया के पास इस रूसी डिफेंस सिस्टम को तबाह किया। यूक्रेन ने कहा कि उसने ड्रोन और मिसाइलों के सही तालमेल से सुबह को रूसी सिस्टम को नष्ट कर दिया। यूक्रेन ने बताया कि ऐसा पहली बार है जब रूस के एयर डिफेंस सिस्टम को बर्बाद करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है। यूक्रेन का यह दावा अगर सही है कि तो यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के लिए दोहरा झटका है। सूत्रों के मुताबिक यूक्रेन ने ड्रोन की मदद से रूसी सिस्टम को उलझा दिया और फिर मिसाइल से उसे बर्बाद कर दिया। उन्होंने बताया कि यूक्रेन की नौसेना ने सतह से सतह तक मार करने वाली दो नेप्चून मिसाइलें दागी थीं।

"यदि आपको जिंदगी में सफल होना है तो आपको मेहनत तो करनी होगी। -अज्ञात।





पेज थ्री
www.page3news.in

# खरगे ने दिए तीन अहम संदेश

**इससे पहले कई राज्यों के विधानसभा चुनाव भी होने हैं, जो राजनीतिक तौर पर अहम माने जा रहे हैं। इस संदर्भ में नई कार्यसमिति पर गौर किया जाए तो साफ हो जाता है कि बतौर पार्टी अध्यक्ष खरगे ने तीन अहम संदेश इसके जरिए दिए हैं।**

आरती शाह।।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आखिर अपनी नई कार्यसमिति गठित कर ली। इसके साथ ही जो यह शिकायत की जा रही थी कि पार्टी ने नया अध्यक्ष तो चुना, लेकिन उसे अपनी टीम नहीं दे पा रही, वह दूर हो गई। नई कार्यसमिति का यह गठन ऐसे समय किया गया है, जब आम चुनाव करीब आ चुके हैं। इससे पहले कई राज्यों के विधानसभा चुनाव भी होने हैं, जो राजनीतिक तौर पर अहम माने जा रहे हैं। इस संदर्भ में नई कार्यसमिति पर गौर किया जाए तो साफ हो जाता है कि बतौर पार्टी अध्यक्ष खरगे ने तीन अहम संदेश इसके जरिए दिए हैं। पहली बात यह कि अध्यक्ष के निर्वाचन से पहले पार्टी में जो मतभेद और अस्थिरता का आलम था, वह दूर हो चुका है। पार्टी अब अपने नए अध्यक्ष की अगुआई में एकजुट है। यह स्पष्ट होता है इस तथ्य से कि कथित जी–23 यानी असंतुष्ट नेताओं में शामिल सभी प्रमुख नेता कार्यसमिति में शामिल कर लिए गए हैं। हालांकि यह जी–23 कभी औपचारिक रूप नहीं ले पाया था, लेकिन फिर भी इनमें से कई नेताओं ने नेतृत्व के सामने अपनी मांगें रखी थीं। पार्टी अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद इन नेताओं ने स्पष्ट कर दिया था कि उनके उठाए मुद्दों को पार्टी ने सही ढंग से संबोधित किया और अब उन्हें कोई शिकायत नहीं है। फिर भी यह बात कई लोगों के मन में रही होगी कि चूंकि ये नेता खुलकर तत्कालीन पार्टी नेतृत्व के खिलाफ स्टैंड लेते दिखे थे,



इसलिए हो सकता है उन्हें दरकिनार कर दिया जाए। खरगे ने इन नेताओं को कार्यसमिति में स्थान देते हुए ऐसी आशंकाओं को गलत करार दिया।

दूसरी बात पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की भावना को प्रतिष्ठित करने की है।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के तौर पर शशि थरूर ने पार्टी के खिलाफ तो कुछ नहीं कहा था, लेकिन यह इंप्रेशन जरूर दिया था कि वह स्वतंत्र फैसले करेंगे। ध्यान रहे, खरगे को गांधी परिवार समर्थित प्रत्याशी माना जा रहा था। ऐसे में उनकी बातों से साफ था कि वह पार्टी को खास परिवार के साये से बाहर लाएंगे जबकि खरगे शायद ऐसा न कर पाएं। जाहिर है, संकीर्ण नजरिया कह रहा था कि चुनाव हार जाने के बाद शशि थरूर पार्टी में हाशिये पर पहुंचा दिए जाएंगे। लेकिन खरगे ने कार्यसमिति में शामिल कर उन्हें वह सम्मान दिया, जिसके थरूर हकदार थे। तीसरा बड़ा संकेत सचिन पायलट को इसमें शामिल करके दिया गया है।

भले अशोक गहलोत राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर बने रह गए हों, लेकिन खरगे का संकेत स्पष्ट है कि सचिन पायलट की अहमियत कम नहीं हुई है, आगे की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा वह बने रहेंगे। इसके अलावा युवा नेतृत्व को मौका देने और विभिन्न क्षेत्रों और तबकों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश भी है, जो स्वाभाविक है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि खरगे ने टीम बनाने में थोड़ी देर जरूर की, लेकिन काम ठोक–बजाकर किया।

## मोक्ष प्राप्ति का मार्ग

**अशोक वोहरा।** वैशाली नगर के एक बहुत बड़े राजा हुए, राजा हर्षवर्धन। राजा की ईश्वर पर बड़ी आस्था थी. राजा के पूर्वजों से यह बात चली आरही थी की उनके सभी पूर्वजों ने भक्ति का मार्ग अपना कर मोक्ष प्राप्त किया है मात्र एक ईश्वर भक्ति जैसा पुण्य कर्म करके मोक्ष को प्राप्त किया जा सकता है। किन्तु राजा ने अपने जीवन काल में ऐसे कई दृश्य देखे थे जिस वजह से राजा के लिये इन तर्क रहित बातो पर ये विश्वास कर पाना मुश्किल था की मातृ भक्ति से मोक्ष प्राप्ति हो सकती है। राजा इसी सोच की उधेड़ बुन में लगा रहता की मैंने कई परम् भक्त देखे उनकी आत्माए आज तक धरती पर क्यों भटक रही,असल में सच्ची भक्ति का सही अर्थ क्या है?

धर्म-दर्शन



## संपादकीय

### रोजगार की चिंता

स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की रिपोर्ट में रोजगार के मौके घटने पर भी चिंता जताई गई है। इसमें कहा गया है कि इंडिया की इकॉनमिक ग्रोथ तेज करने के लिए आर्थिक सुधारों की रफ्तार बढ़ानी होगी, फाइनैंशल सेक्टर की हालत सुधारनी होगी, कॉरपोरेट सेक्टर में कर्ज घटाना होगा, सरकार को कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ाना होगा और रोजगार के ज्यादा मौके बनाने होंगे। लिम की तरह स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की रिपोर्ट में भी कुछ चिंताएं जताई गई हैं। कहा गया कि देश की प्रति व्यक्ति आमदनी साल 2030 तक भले ही 4000 डॉलर तक पहुंच जाए, लेकिन बड़ी आबादी वाले दो राज्य– यूपी और बिहार बाकियों से काफी पीछे दिखेंगे। रोजगार के मौकों के लिहाज से मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत के आसपास ही बनी हुई है। इस हालत को बदलना होगा। लिम कहते हैं कि अगर रोजगार के अधिक मौके बनें, लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाए, लोगों की पढ़ाई–लिखाई बेहतर हो, उनकी ऐवरेज स्कूलिंग 12 साल तक पहुंच जाए और प्रॉडक्टिविटी बढ़ जाए, तो साल 2040 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 13 हजार डॉलर से ज्यादा हो सकती है। यूपी, बिहार में भी प्रति व्यक्ति आमदनी बढ़ेगी, लेकिन उसके 2000 डॉलर तक ही पहुंच पाने का अनुमान है। इसका मतलब यह है कि देश की 25 प्रतिशत आबादी के लिए प्रति व्यक्ति आमदनी साल 2030 तक 2000 डॉलर ही होगी।

स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अब से लेकर साल 2030 तक इंडिया की नॉमिनल GDP ग्रोथ 10 पर्सेंट सालाना रहेगी।

# लक्ष्य से आगे

अखिलेश प्रताप सिंह।।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कहा था कि वह इस बात को पक्का करेंगे कि उनके तीसरे कार्यकाल में इंडिया की इकॉनमी 5 ट्रिलियन डॉलर की हो जाए और दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच जाए। अभी पहले नंबर पर अमेरिका, दूसरे पर चीन, तीसरे पर जापान और चौथे पर जर्मनी हैं। जीडीपी के लिहाज से भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर है। पीएम ने जो कहा है, वैसा होना खास मुश्किल नहीं है। आइए देखते हैं कि ऐसा होना क्यों आसान बताया जा रहा है और इसका कैसा असर दिखेगा। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अब से लेकर साल 2030 तक इंडिया की नॉमिनल ळक्च ग्रोथ 10 पर्सेंट सालाना रहेगी। इस रफ्तार से 2030 तक भारत का GDP 5 नहीं, बल्कि 6 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा। अभी भारत का GDP साढ़े 3 ट्रिलियन डॉलर के आसपास है।

दूसरे देशों से भारत का जो व्यापार है, उसका सबसे ज्यादा योगदान होगा GDP बढ़ाने में। फाइनैंशल ईयर 2023 में एक्सटर्नल ट्रेड 1.2 ट्रिलियन डॉलर का था। यह साल 2030 तक बढ़कर 2.1 ट्रिलियन डॉलर हो सकता है। इसके बाद ग्रोथ में योगदान होगा देश के भीतर होने वाली खरीद–फरोख्त का। स्टैंडर्ड चार्टर्ड



की रिपोर्ट कहती है कि फाइनैंशल ईयर 2021 में इस हाउसहोल्ड कंजम्पशन का साइज 2.1 ट्रिलियन डॉलर का था, लेकिन वित्त वर्ष 2030 तक यह बढ़कर 3.4 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वित्त वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति आमदनी 2450 डॉलर थी, लेकिन फाइनैंशल ईयर 2030 तक यह लगभग 70 प्रतिशत बढ़ जाएगी। तब इंडिया की प्रति व्यक्ति आय 4000 डॉलर हो जाएगी। इस तरह इंडिया मिडल इनकम इकॉनमी बन जाएगा। साल 2030 तक देश के कम से कम 9 राज्य ऐसे होंगे, जहां की प्रति व्यक्ति आमदनी 4000 डॉलर होगी। अभी इस कैटिगरी के करीब केवल तेलंगाना है।

स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने जो अनुमान लगाया है, कुछ वैसा ही अनुमान दूसरे लोग भी लगा रहे हैं। ।रिसर्च के इकनॉमिस्ट धीरज लिम का कहना है कि साल 2030 तक भारत की औसत ग्रोथ 8 प्रतिशत रहने का अनुमान है और तब तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। साल 2030 तक भारत का नॉमिनल जीडीपी 7 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो सकता है। जानकार बताते हैं कि भारत कुछ मोर्चे पर स्थिति मजबूत कर ले तो जीडीपी ग्रोथ छलांगें लगाती दिखेगी। लेकिन रिसर्च के इकनॉमिस्ट का यह भी कहना है कि अभी जो हाल है, अगर ऐसा ही बना रहा, तो साल 2030 तक भारत की ऐवरेज जीडीपी ग्रोथ 6.2 प्रतिशत तक ही रह जाने का खतरा है। यह 2019 तक के 10 वर्षों में दिखी ऐवरेज ग्रोथ से कम होगी। उस दौरान औसत जीडीपी ग्रोथ 7.1 प्रतिशत थी। यही नहीं, 2030 के बाद साल 2050 तक जीडीपी ग्रोथ घटकर 4 प्रतिशत तक जा सकती है। इस लिहाज से रिसर्च के अर्थशास्त्री कुछ चुनौतियों का जिक्र करते हैं। भारत की लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट घट रही है। यानी लेबर फोर्स में 15 से 64 साल की कामकाजी उम्र वाले लोगों की हिस्सेदारी कम हो रही है। खासतौर से महिलाओं की।

### अष्टयोग-5050

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | 4 | 1 | | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | | | 4 | 5 |
| | 42 | | 29 | | 25 | |
| | | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5049 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### क्वॉलिटी बेहतर करनी होगी

**मोहन।** वर्ल्ड बैंक का कहना है कि साल 2000 में भारत का LFPR 60 प्रतिशत था, जो अब घटकर 53 प्रतिशत के आसपास आ गया है। भारत की वर्कफोर्स पढ़ाई–लिखाई के मामले में भी काफी पीछे है। बालिग कामकाजी लोग मुश्किल से 6.7 साल की औसत स्कूलिंग वाले हैं। स्किल इंडिया जैसे कदम ठीक हैं, लेकिन इनका दायरा और इनकी क्वॉलिटी बेहतर करनी होगी। भारत की वर्कफोर्स का महज 2.3 प्रतिशत हिस्सा ऐसा है, जिसने स्किल डिवेलपमेंट का कोई औपचारिक प्रशिक्षण लिया है। इन बातों को देखते हुए पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है कि भारत तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ेगा। इसके लिए कई मोर्चों पर काम करना होगा। इंडिया को खेती–बाड़ी से सरप्लस लेबर को मैन्युफैक्चरिंग की ओर लाना होगा। RBI के आंकड़े बताते हैं कि रोजगार में खेती–बाड़ी की हिस्सेदारी 1980 के दशक में 72 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 50 प्रतिशत के आसपास आ गई है। खेती–बाड़ी से जो लेबर हटा है, वह मोटे तौर पर या तो कंस्ट्रक्शन में गया है या ट्रेड से जुड़ी सेवाओं में, जहां मैन्युफैक्चरिंग जैसी प्रॉडक्टिविटी नहीं होती।





## साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी संग रोमांस करेंगे जुनैद खान?

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले एक्टर आमिर खान इन दिनों अलग–अलग वजहों से सुर्खियों में हैं। वो हाल ही में एक्स वाइफ रीना दत्ता के साथ स्पॉट हुए तो दूसरी तरफ उनकी बेटी आइरा खान की शादी की खबरें वायरल हो रही हैं। कहा जा रहा है कि वो 3 जनवरी 2024 को उदयपुर में मंगेतर नुपुर शिखरे संग शादी करेंगी और आमिर खुद जोरशोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं। आमिर के कमबैक को लेकर भी चर्चा हो रही है और अब उनके बेटे जुनैद से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। जुनैद के बॉलीवुड डेब्यू से पहले ही उनकी दूसरी फिल्म की खबर, जिसमें साउथ की फेमस एक्ट्रेस साई पल्लवी होंगी। जानकारी के मुताबिक, जुनैद खान भी बॉलीवुड में कदम रखने वाले हैं। उनके डेब्यू को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। रिपोर्ट्स कहती हैं कि वो यशराज बैनर की फिल्म श्महाराजाश से डेब्यू करेंगे। उन्होंने कुछ महीनों पहले शूटिंग भी की थी। आमिर खुद सेट पर पहुंचे थे। इसके अलावा ये खबर आई थी कि Junaid Khan लव टुडे (तमिल मूवी) के हिंदी रीमेक में काम करेंगे। ये उनकी दूसरी मूवी होगी। इसमें बोनी कपूर और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर होंगी।

## मैं आपके लिए सुबह 4 बजे तक डांस कर सकती हूं

एक्टर आयुष्मान खुराना आज अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उनके फैंस से लेकर कई बॉलीवुड सेलिब्रिटी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इसी खास मौके पर उनकी पत्नी ताहिरा कश्यप ने भी आयुष्मान को अनोखे अंदाज में बर्थडे विश करके बधाई दी है। आयुष्मान खुराना को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए पत्नी ताहिरा कश्यप ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की। इन तस्वीरों में ताहिरा आयुष्मान के साथ रोमांटिक अंदाज में पोज देते हुए दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक रोमांटिक सा पोस्ट भी लिखा है। शेयर की गई तस्वीरों में ताहिरा साड़ी पहने हुए दिखाई दे रही हैं। वहीं आयुष्मान ब्लैक कुर्ते में नजर आ रहे हैं। ताहिरा इन तस्वीरों में आयुष्मान पर अपना प्यार लुटाते हुए दिखाई दे रही हैं। वहीं, तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा जन्मदिन मुबारक हो मेरे सोलमेट, मैं तुम्हें बहुत प्यार करती हूं। केवल आप ही हैं, जिनके लिए मैं सुबह 4 बजे तक डांस कर सकती हूं और हमने ऐसा ही किया भी है। हालांकि, एक समय के बाद मेरे पैर लड़खड़ा रहे थे, लेकिन बसंती नहीं रुकी। आपके जैसा कोई नहीं है। हाल–ए–दिल एलान करती हूं, मैं तुमसे प्यार करती हूं। तुम्हारी सच्ची प्रेमी।

## सामने आया रश्मिका मंदाना का लेटेस्ट वर्कआउट वीडियो



साउथ सिनेमा की बेहतरीन अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें रश्मिका मंदाना का नाम जरूर शामिल होगा। हिंदी सिनेमा में भी रश्मिका अपनी एक्टिंग का हुनर बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म श्मिशन मजनूश के जरिए दिखा चुकी हैं। एक्ट्रेस से जुड़ी हर एक अपडेट जानने के लिए फैंस अक्सर एक्साइटेड नजर आते हैं। इस बीच रश्मिका मंदाना का एक लेटेस्ट वर्क आउट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे देखकर उनके चाहने वाले अलग–अलग तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। ब्यूटी विद फिटनेस का कथन रश्मिका मंदाना पर पूरी तरह से फिट बैठती है। जितनी ज्यादा रश्मिका खूबसूरत हैं, उससे कहीं गुना वह फिट नजर आती हैं, इसके पीछे की वजह एक्ट्रेस का निरंतर रूप से जिम वर्क आउट करना है। गुरुवार को रश्मिका मंदाना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट वर्क आउट वीडियो शेयर किया है, जिसमें पुष्पा एक्ट्रेस लेग्स की एक्सरसाइज करती दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो के कैप्शन में रश्मिका मंदाना ने लिखा है– इस वीडियो को मेरे जिम ट्रेनर ने शूट किया है।

# शाहरुख खान ने दिया अल्लू अर्जुन को जवाब

*शाहरुख खान स्टारर फिल्म जवान की तारीफ हर तरफ हो रही है फिर चाहे वो बॉलीवुड के सितारे हों या फिर साउथ के सिलेब्रिटीज। फिल्म देखकर जो भी सिनेमाघरों से निकल रहे हैं वो इस फिल्म के लिए अपने प्यार का इजहार करना नहीं भूल रहे। अब साउथ सिनेमा की सुपरहिट फिल्म पुष्पा एक्टर ने भी शाहरुख की जवान देख डाली है और इसके बाद जो कुछ उन्होंने कहा है उसकी जमकर चर्चा हो रही है। हालांकि, अल्लू अर्जुन के इस पोस्ट का जवाब देने से शाहरुख भी नहीं चूके हैं।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**शाहरुख खान गारु का भव्य अवतार**

अल्लू अर्जुन एक्स यानी ट्विटर पर फिल्म जवान के क्रू की जमकर तारीफ की है। अल्लू ने लिखा है, इस शानदार ब्लॉकबस्टर फिल्म के लिए फिल्म जवान की पूरी टीम को बधाई। फिल्म जवान के प्रड्यूसर, टेक्निकल, क्रू और पूरी कास्ट को शुभकामनाएं। शाहरुख खान गारु का भव्य अवतार, देश और दुनिया भर में अपने स्वैग से चार्म भर दिया। आपके लिए सच में बहुत खुश हूं सर। हमने आपके लिए ये प्रार्थना की थी।



**इंडियन बाक्स ऑफिस पर इतिहास रचने के लिए बधाई**

उन्होंने इस पोस्ट में विलन का रोल निभाने वाले विजय सेतुपति की भी खूब तारीफ की। उन्होंने लिखा, विजय सेतुपति गारु हमेशा की तरह क्या जबरदस्त रोल में हैं। दीपिका पादुकोण ने एलिगेंट, इंपैक्टफुल और सहज स्टार प्रजेंस दिखाया है। नयनतारा नेशनल स्केल पर सबसे अधिक चमक रही हैं। अनिरुद्ध, पूरा देश आपके शानदार म्यूजिक लूप को सुन रहा है। हम सबको प्राउड फील कराने के लिए एटली गारु को बहुत–बहुत बधाई। विचारों से भरपूर कर्मिशियल फिल्म देकर इंडियन बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने के लिए बधाई।

**शाहरुख ने कहा- दोबारा से मैं खुद को जवान महसूस कर रहा हूं**


अल्लू के इस पोस्ट का जवाब देते हुए शाहरुख खान ने लिखा है, थैंक यू सो मच मेरे दोस्त। आपके प्यार और प्रार्थना के लिए आपका आभार। जहां बात स्वैग की है तो जो खुद फायर है वो मेरी तारीफ कर रहा, मेरा दिन बना दिया। दोबारा से मैं खुद को जवान महसूस कर रहा हूं। मैं ये स्वीकार करना चाहता हूं कि मैंने आपसे काफी कुछ सीखा है और मैंने आपकी पुष्पा एक दिन में तीन बार देखी है। आपके लिए एक बड़ी सी झप्पी और जितना जल्दी संभव हो आपसे मिलकर आपको गले लगाना चाहता हूं।

**शाहरुख खान की जवान की जमकर तारीफ**

बता दें कि अल्लू अर्जुन से पहले भी कई बॉलीवुड और साउथ सिनेमा के सितारों ने इस फिल्म की जमकर तारीफ की है। एसएस राजामौली, महेश बाबू, सलमान खान, करण जौहर, अनुपम खेर से लेकर कियारा आडवाणी सभी ने शाहरुख खान की श्जवानश की जमकर तारीफ की है। इस फिल्म में शाहरुख खान के ऑपोजिट विलन के रोल में विजय सेतुपति नजर आए हैं। इस सबके अलावा फिल्म में नयनतारा, दीपिका पादुकोण, सान्या मल्होत्रा, संजय दत्त, सुनील ग्रोवर, प्रियामणि जैसे कई सिलेब्रिटीज हैं जिन्होंने अपने शानदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया है।

# उर्वशी रौतेला के साथ रोमांटिक हुए एल्विश यादव

*एल्विश यादव और उर्वशी रौतेला का रोमांटिक गाना रिलीज हो चुका है। इस गाने का नाम हम तो दीवाने है जिसने यूट्यूब पर आते ही धमाल मचा दिया है। आइए आपको भी सुनाते हैं राव साहब का ये नया गाना, जिसमें वह बॉलीवुड एक्ट्रेस के साथ रोमांस करते नजर आ रहे हैं।*




बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर एल्विश यादव का उर्वशी रौतेला के साथ वाला गाना हम तो दीवाने रिलीज हो चुका है। पहली बार दोनों की जोड़ी फैंस को देखने को मिली है। शो की ट्रॉफी जीतने के बाद बैक टू बैक प्रोजेक्ट के चलते देसी मुंडा छाए हुआ है। उर्वशी रौतेला के साथ एल्विश यादव का रोमांटिक गाना आते ही छा गया है। महज 2 घंटे के अंदर 1.3 मिलियन व्यूज पार हो चुके हैं। आइए आपको भी दिखाते हैं एल्विश–उर्वशी का लेटेस्ट सॉन्ग। हम तो दीवाने गाने को यासिर देसाई ने गाया है जबकि कंपोजर रजत नागपाल है। गाने के बोल राणआ सोतल ने लिखे हैं। ये एक रोमांटिक गाना है जिसमें एल्विश और उर्वशी पर कपल की लवस्टोरी बयां की गई है। एल्विश की लोकप्रियता का फायदा इस गाने को भी मिला है। महज 2 घंटे में 1.3 मिलियन व्यूज पार हो गए।

**एल्विश यादव और उर्वशी रौतेला का गाना**

एल्विश यादव के गाने श्हम तो दीवानेश की शुरुआत उनके देसी अंदाज से होती है। जहां वह अपने पॉपुलर डायलॉग सिस्टम का जिक्र करते हैं। फिर एंट्री होती है उर्वशी रौतेला की, जिन्हें देखते ही वह फ्लैट हो जाते हैं। एल्विश का हरियाणवी और देसी अंदाज भी इस गाने में देखने को मिला है।

**दुबई में खरीदा एल्विश यादव ने घर**

कामकाज के साथ साथ एल्विश यादव अपने दुबई वाले घर को लेकर भी चर्चा में हैं। हाल में ही उन्होंने 8 करोड़ रुपये का दुबई में आलीशान घर खरीदा है। राव साहब का ये घर खूब सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। घर के कई वीडियोज भी देखने को मिले हैं।

# ना फल, ना कोई सब्जी, घर की रोटी से मिलेगा जबरदस्त विटामिन बी12





**ऐसे मिलेगा विटामिन बी12**

डॉ. निधि चौधरी ने बताया कि जब हम गेहूं की रोटी को रातभर छोड़ देते हैं तो उसमें फर्मेंटेशन प्रॉसेस शुरू हो जाता है। इस दौरान हेल्दी बैक्टीरिया विटामिन बी12 बनाते हैं, जो कि पूरी तरह नेचुरल होता है। वेजिटेरियन लोग नाश्ते में दूध के साथ बासी रोटी खाकर कोबालामिन बढ़ा सकते हैं।

*विटामिन बी12 (कोबालामिन) की कमी शरीर के लिए आफत बन सकती है। इसे खत्म करने के लिए न्यूट्रिशनिस्ट ने जबरदस्त फूड बताया है।*

आजकल लोगों में सबसे ज्यादा विटामिन बी12 की कमी पाई जाती है। क्योंकि यह बहुत कम फूड्स में मौजूद होता है। वेजिटेरियन लोगों के लिए इसके नेचुरल सोर्स और भी कम हो जाते हैं। लेकिन अगर आप सही तरीके से खाएं तो गेहूं की रोटी भी विटामिन बी12 की कमी खत्म कर सकती है।

**विटामिन बी12 की कमी के लक्षण**

यह विटामिन रेड ब्लड सेल्स और डीएनए बनाने के लिए जरूरी होता है। इसकी कमी से थकान, शरीर पीला पड़ना, सिरदर्द रहना, डिप्रेशन जैसे लक्षण, पेट की दिक्कतें, मुंह और जीभ में सूजन, मसल्स में दर्द, नसों में दर्द हो सकता है।

**नाश्ते में खाएं एक रात पुरानी रोटी**

क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. निधि चौधरी कहती हैं कि बासी खाना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। लेकिन गेहूं जैसे कुछ अनाज बासी होने के बाद भी सेहतमंद रहते हैं। उत्तर पूर्वी भारत में भी गेहूं को फर्मेंट करके खमीरी रोटी बनाई जाती है, जो कि पूरी तरह हेल्दी होती है।

**बासी रोटी के कई हैं फायदे**

एक रात पुरानी गेहूं की रोटी कई सारे फायदे देती है। इसमें फाइबर होता है और सोडियम की मात्रा कम होती है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्श भी कम होता है। जिस वजह से यह ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करती है।

**हाई विटामिन बी12 फूड्स**

हार्वर्ड के मुताबिक इस विटामिन की कमी खत्म करने के लिए मछली, जानवरों की कलेजी, रेड मीट, अंडे, दूध, चीज, योगर्ट, फोर्टिफाइड न्यूट्रिशनल यीस्ट खा सकते हैं। इन फूड्स में सबसे ज्यादा विटामिन बी12 होता है।

# 14 दिन में 6 किलो वजन घटा रही ये खास डाइट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*वजन कम करने के लिए बहुत से लोग कई तरह के डाइट प्लान फॉलो करते हैं। कंफ्यूजन यह है कि वजन कम करने के लिए सबसे बेस्ट डाइट प्लान कौन सा है? अगर आप दो हफ्ते में 4 से 6 किलो वजन करने का प्लान बना रहे हैं, तो आपके लिए साउथ बीच डाइट (ैवनजी ठमंबी क्पमज) बेहतर साबित हो सकती है जिसकी आजकल खूब डिमांड है। इस डाइट की शुरुआत इसी साल हुई है और इतने कम समय में यह वजन कम करने वालों के बीच फेमस हो गई है।*

**साउथ बीच डाइट क्या है?**

मेयो क्लिनिक के अनुसार, यह एक फेमस वजन घटाने वाली डाइट है, जिसे इसी साल 2003 में हार्ट स्पेशलिस्ट आर्थर एगस्टन ने बनाया था। इसका जिक्र सबसे अधिक बिकने वाली पुस्तक श्द साउथ बीच डाइटरू द डिलीशियस, डॉक्टर–डिजाइन्ड, फुलप्रूफ प्लान फॉर फास्ट एंड हेल्दीश में किया गया था। वास्तव में यह डाइट कीटो (केटोजेनिक) का ही वर्जन है जिसमें बहुत कम कार्बोहाइड्रेट होते हैं और इस डाइट का मकसद शरीर को कार्बोहाइड्रेट या प्रोटीन के बजाय एनर्जी के लिए फैट का यूज करने के लिए मजबूर करना है।

**साउथ बीच डाइट की खासियत**







साउथ बीच डाइट में कॉम्प्लेक्स कार्ब्स, लीन प्रोटीन और हेल्दी फैट का संतुलन होता है, जिसमें फाइबर और प्रोटीन जैसे विभिन्न पोषक तत्व होते हैं। कॉम्प्लेक्स कार्ब्स की बात करें, तो इसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज, सेम और फलियां शामिल हैं। साउथ बीच डाइट आपको फैट के बारे में सिखाती है। इससे आप सीखते हैं कि आपको हेल्दी मोनोअनसैचुरेटेड फैट वाले अधिक फूड्स खाने हैं और अन्हेल्दी फैट वाले फूड्स को सीमित करना है। साउथ बीच डाइट में फाइबर, साबुत अनाज और फल–सब्जियां शामिल करने पर जोर देती है।

**साथ में एक्सरसाइज भी है जरूरी**

साउथ बीच डाइट के साथ आपको एक्सरसाइज का भी ध्यान रखना पड़ता है। साउथ बीच डाइट का कहना है कि नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से मेटाबोलिज्म को बढ़ावा मिलेगा और वजन को तेजी से घटाने में मदद मिलेगी।

**साउथ बीच डाइट में सुबह से रात तक क्या-क्या खाते हैं**

■नाश्ता– नाश्ते में स्मोक्ड सैल्मन के साथ ऑमलेट या पालक और हैम के साथ बेक्ड अंडे, एक कप कॉफी या चाय

■दिन का खाना– दोपहर के भोजन में आइस्ड टी या स्पार्कलिंग वाटर, स्कैलप्स या श्रिम्प और वेजिटेबल सलाद

■रात का खाना– रात के खाने में ग्रिल्ड ट्यूना या पोर्क के साथ ग्रिल्ड सब्जियां और सलाद

■मीठे में क्या खा सकते हैं– रिकोटा चीजकेक या कोल्ड एस्प्रेसो कस्टर्ड

■स्नैक– आप दिन के दौरान स्नैक्स का भी आनंद ले सकते हैं, जैसे म्यूएनस्टर चीज और टर्की रोल–अप या भुने हुए चने

**साउथ बीच डाइट से कितना वजन कम होता है**

इसके तीन चरण होते हैं। अगर आप चरण 1 में हैं, दो हफ्ते में आप 8 से 13 पाउंड (3.6 से 5.9 किलोग्राम) वजन कम कर लेंगे। अधिकांश वजन आपके पेट से कम होगा। चरण 2 में हर हफ्ते आपका वजन 1 से 2 पाउंड (0.5 से 1 किलोग्राम) कम होने की संभावना है।




## हिमाचल और ओडिशा में बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण मौत

हिमाचल अभी बाढ़ के सदमे से निकला भी नहीं था कि एक इंफेक्शन आफत बनकर आ चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण शिमला में 9 और ओडिशा में 5 लोगों की मौत हो गई है। यह इंफेक्शन जानलेवा साबित हो सकता है, इसलिए इसके लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। स्क्रब टाइफस इंफेक्शन काफी सालों से लोगों को शिकार बना रहा है, लेकिन हाल के दिनों में हिमाचल और ओडिशा के अंदर इसका प्रकोप अचानक बढ़ गया है। यह एक कीट के काटने से फैलता है, जो कि खेतों या पेड़–पौधों के आसपास ज्यादा देखने को मिलता है। स्क्रब टाइफस एक बैक्टीरिया से होने वाला इंफेक्शन है। यह संक्रमित चिगर्स (लार्वा माइट्स) के काटने से फैलता है। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के मुताबिक इस बैक्टीरिया का नाम व्तपमदजपं जेनजेनहंउनेीप है। भारत समेत साउथईस्ट एशिया, इंडोनेशिया, चीन, जापान और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में इस इंफेक्शन का खतरा ज्यादा होता है। स्क्रब टाइफस का जल्दी पता लग जाए तो इसका ट्रीटमेंट आसान हो जाता है। इसके लिए एंटीबायोटिक का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन ध्यान रखें कि ये दवाएं सिर्फ डॉक्टर की देखरेख में लेनी चाहिए।

## प्रोटीन का बढ़िया स्रोत, शरीर को मिलेगी ताकत

चने में सभी तरह के विटामिन्स भी होते हैं, जैसे कि विटामिन सी, विटामिन बी, और फोलेट, जो आपके शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। यह फॉलिक एसिड का खजाना है, जो गर्भवती महिलाओं के लिए जरूरी पोषक तत्व है, जो शिशु का विकास करता है। इसमें मैग्नीशियम की भी अच्छी मात्रा होती है, जो दिमागी कामकाज को बढ़ावा देता है और डिप्रेशन को कम कर सकता है। चने को कई तरीके से खाया जाता है और सभी तरीके से खाने से सेहत को लाभ मिलते हैं। चने को अंकुरित करके खाने से इसके पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है। अंकुरित चने में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन्स, और मिनरल्स पाए जाते हैं। यह आपको ऊर्जा देने के साथ–साथ आपके शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। अंकुरित चने में प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है, जो शारीरिक मांसपेशियों के विकास के लिए जरूरी है। यह वेजेटेरियनों के लिए भी एक प्रोटीन का सबसे बढ़िया स्रोत हो सकता है। अंकुरित चने में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचन को सुधारने में मदद करता है।

## लक्षणों से समझें शरीर में घुस गया डेंगू, ये नुस्खे तोड़ेंगे बुखार







डेंगू बुखार एक वायरल बुखार है जो डेंगू वायरस के कारण होता है। डेंगू बुखार को आमतौर मच्छर के काटने से होता है लेकिन पीड़ित व्यक्ति से संपर्क में आने से भी फैल सकता है। डेंगू वायरस मच्छर के काटने के बाद व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करता है। डेंगू बुखार के लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, थकान, मुख्य और पीला हो जाना, आंखों के नीचे लाल दानों की दिखाई देने वाली खरोंच, पेट में दर्द, उल्टियां, डायरिया, और खून की कमी शामिल हो सकती हैं। डेंगू में शरीर कमजोर होने लगता है और प्लेटलेट्स बढ़ने का खतरा भी होता है। यही वजह है कि इसमें हेल्दी डाइट लेते रहना जरूरी है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं, फल और सब्जियों का खूब सेवन करें और प्रोटीन वाली चीजों को डाइट में शामिल करें। डेंगू बुखार होने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती है। बुखार से जल्दी निपटने के लिए रोजाना खूब पानी पिएं। पानी के अलावा नारियल पानी, इलायची वाला पानी, छाछ और नींबू पानी का सेवन करें। पपीते के पत्तियों की चाय का सेवन डेंगू बुखार के लक्षणों को हलका करने में मदद कर सकता है। पपीते के पत्तियों को धोकर उन्हें पानी में उबालें, और फिर उनका पानी पिएं।

# तिलक वर्मा का डेब्यू, विराट कोहली को आराम



विराट समेत ये खिलाड़ी बाहर

भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन से विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव को बाहर किया गया है। उनकी जगह सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद शमी, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर टीम में आए हैं।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। भारतीय टीम एशिया कप 2023 के आखिरी ग्रुप मुकाबले में बांग्लादेश से भिड़ी। टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इस मैच में पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में सिर्फ एक ही मैच में पहले गेंदबाजी की है। कप्तान रोहित ने इसी वजह से पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। वह चाहते हैं कि भारतीय बल्लेबाज लाइट्स में बैटिंग करें। इस बीच टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में 5 बदलाव किए गए हैं। भारतीय टीम के लिए तिलक वर्मा वनडे डेब्यू कर रहे हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज में टी20 डेब्यू किया था। हैदराबाद के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले तिलक ने 7 टी20 मैच में भारत के लिए 174 रन बनाए हैं। वेस्टईडीज में वह टीम इंडिया के लिए सबसे बेहतरीन बल्लेबाज थे। लिस्ट ए क्रिकेट यानी घरेलू वनडे की बात करें तो तिलक वर्मा ने 25 मैच में 56 की औसत और 102 की स्ट्राइक रेट से 1236 रन बनाए हैं। इसमें 5 शतक और 5 फिफ्टी शामिल है। उनकी सबसे बड़ी पारी 156 रनों की है। इसके साथ ही तिलक के नाम 8 विकेट भी हैं। वहीं बांग्लादेश के लिए बांग्लादेश के लिए तंजिम शाकिब पदार्पण कर रहे हैं।

# फाइनल कम से कम वनसाइडेड नहीं होगा

क्रिकेट

## इरफान पठान ने श्रीलंका से हार पर पाकिस्तान को धो डाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। कुशल मेंडिस (91) और सदीरा समरविक्रमा (48) के बीच शतकीय साझेदारी के बाद चरित असलंका के शानदार नाबाद 49 रन से श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराते हुए एशिया कप खिताबी मुकाबले के लिए टिकट कटा लिया। उसने अंतिम सुपर 4 मैच में रोमांचक अंदाज में आखिरी गेंद पर 2 विकेट से जीत हासिल की और एशिया कप के फाइनल में पहुंच गया। एशिया कप में श्रीलंका ने 11वीं बार फाइनल में जगह बनाई है और फाइनल में उसका मुकाबला भारत से होगा। शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान दर्द से कराह रहा था कि इरफन पठान ने उसकी चोट पर नमक रगड़ दिया।

इरफान ने पाकिस्तान की टांग खिंचते हुए कहा– श्रीलंका के खिलाफ फाइनल खेलना भारत के लिए अच्छा होगा। कम से कम यह वन साइडेड तो नहीं होगा। बता दें कि भारतीय टीम ने सुपर–4 के महामुकाबले में पाकिस्तान को एकतरफा 228 रनों से रौंदा था। विराट कोहली और केएल राहुल ने बेजोड़ शतक जड़ा था।




मैच में पाकिस्तान की हार के बाद भी इरफान ने ट्रोल किया था, जबकि रद्द हुए ग्रुप मैच के बाद कहा था कि पड़ोसियों की टीवी टूटने से बच गई। इस पर काफी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। जब पाकिस्तान हारा तो उन्होंने लिखा कि इस बार टीवी ही नहीं, मोबाइल भी टूट गया। खैर, दूसरी ओर श्रीलंका लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है। पिछली बार उसने पाकिस्तान को हराकर टी–20 फॉर्मेट का एशिया कप जीता था। उसने आधी रात के बाद समाप्त हुए बारिश से बाधित 42–ओवर के मैच में डीएलएस पद्धति के तहत 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने आखिरी गेंद पर जीत हासिल की। इससे पहले पाकिस्तान ने अपने मध्य क्रम के शानदार प्रदर्शन के दम पर 130/5 से उबरने के बाद 252 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान (नाबाद 86) और इफ्तिखार अहमद (47) के बीच एक यादगार साझेदारी हुई। लेकिन श्रीलंका अंतिम दो ओवरों में गिरते–पड़ते फाइनल में पहुंच गया। यह कुशल मेंडिस ही थे जिन्होंने श्रीलंका की पारी को संभाले रखा और उन्हें जीत तक पहुंचाया। मेंडिस 91 रन पर आउट हुए। उन्होंने अपनी शानदार पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। लेकिन जब तक वह आउट हुए, मेंडिस श्रीलंका को मजबूत स्थिति में पहुंचा चुके थे। इस एशिया कप में यह दूसरी बार था जब मेंडिस नर्वस 90 में आउट हुए।

# एनरिक नॉर्किया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी दो वनडे मैचों से हुए बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत की धरती पर होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से पहले साउथ अफ्रीका खेमे की नींद उड़ गई है। टीम के स्टार तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्किया चोट के चलते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। नॉर्किया कंगारू टीम के खिलाफ इंजरी के चलते तीसरे एकदिवसीय मैच में खेलते नजर नहीं आए थे।

**स्टार गेंदबाज हुआ सीरीज से बाहर:** साउथ अफ्रीका के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले चौथे वनडे मैच से पहले बुरी खबर सामने आई है। टीम को चौथे और पांचवें वनडे मैच में एनरिक नॉर्किया की सुविधाएं नहीं मिल पाएंगी। नॉर्किया बैक इंजरी



के चलते सीरीज से बाहर हो गए हैं। नॉर्किया का विश्व कप से पहले इस तरह चोटिल होकर बाहर होना साउथ अफ्रीका के लिए यकीनन बुरी खबर है। एनरिक नॉर्किया अपनी रफ्तार के दम पर किसी भी मैच को पलटने का माद्दा रखते हैं।

**टेंबा बावुमा भी नहीं खेलेंगे चौथा वनडे:** साउथ अफ्रीका के लिए एकसाथ दो बुरी खबर है। एनरिक नॉर्किया के साथ–साथ टेंबा बावुमा भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले चौथे वनडे मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बावुमा को स्ट्रेन की वजह से चौथे एकदिवसीय मुकाबले से बाहर होना पड़ा है।


**सीरीज में 2–1 से आगे ऑस्ट्रेलिया**

पांच मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया अभी 2–1 से आगे चल रही है। सीरीज के पहले मैच को कंगारू टीम ने 3 विकेट से अपने नाम किया था। वहीं, दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 123 रन से जीता था। हालांकि, सीरीज के तीसरे मैच में मेजबान टीम ने जोरदार वापसी करते हुए 111 रन से जीत दर्ज की थी। टीम की ओर से क्विंटन डिकॉक ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 82 रन कूटे थे। वहीं, एडम मार्करम ने 102 रन की शानदार पारी खेली थी।

## अब भारत से भी पिछड़ा, वनडे रैंकिंग में औंधे मुंह गिरा पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। एशिया कप 2023 की जब शुरुआत हुई थी तो पाकिस्तान वनडे रैंकिंग में टॉप पर था। टीम के खिलाड़ियों के साथ ही पूर्व क्रिकेटर भी बार–बार रैंकिंग की बात करते थे। पाकिस्तान को एशिया कप के अपने आखिरी सुपर 4 मुकाबले में भी हार मिली। श्रीलंका के खिलाफ बाबर आजम की टीम मैच की आखिरी गेंद पर हार गई। इससे टीम को रैंकिंग में और नुकसान हुआ है। 115 रेटिंग पॉइंट के साथ पाकिस्तान रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। एशिया कप शुरू होने से पहले टीम की रेटिंग 118 थी। अभी 118 रेटिंग के साथ ऑस्ट्रेलिया पहले नंबर पर है। भारतीय टीम आईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर आ गई है। एशिया कप शुरू होने से पहले टीम के 113 पॉइंट थे, लेकिन लगातार तीन जीत के बाद यह बढ़कर 116 हो गए हैं। 103 रेटिंग पॉइंट के साथ वर्ल्ड चौंपियन इंग्लैंड चौथे नंबर पर है। आज भारत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया को भी खेलना है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया को हार मिलती है और भारत बांग्लादेश से जीत जाता है तो रैंकिंग में बड़ा बदलाव होगा। रोहित शर्मा की टीम टॉप पर पहुंच जाएगी।

## न्यूज डायरी



### ग्लेन मैक्सवेल बने पिता, भारतीय मूल की विनी रमन ने दिया बेटे को जन्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल के घर एक नन्हे मेहमान ने दस्तक दी है। दरअसल, मैक्सवेल की पत्नी विनी रमन ने एक बच्चो को जन्म दिया है। दोनों बच्चे के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया शेयर इसकी पुष्टि की है। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल की पत्नी विनी रमन ने एक बच्चे का दिया है। भारतीय मूल की विनी रमन ने अपने बच्चे के जन्म को लेकर एक प्यारी तस्वीर साझा की है। विनी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा ने बताया कि लोगन मेवरिक मैक्सवेल ने 11.9.2023 को जन्म लिया। विनी रमन द्वारा शेयर की गई तस्वीर में उनके और मैक्सवेल के हाथ दिख रहे हैं, जहां बच्चे को क्रिकेटर की उंगली पकड़े हुए देखा जा सकता है। जुलाई में तमिल परंपरा के तहत गोद भराई समारोह आयोजित किया गया था। बता दें कि मैक्सवेल ने 18 मार्च 2022 को विनी रमन से तमिल रीति–रिवाजों में अनुसार शादी की थी। फिर चर्च में जाकर ईसाई रीति–रिवाज से शादी की। इन दोनों समारोह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। मैक्सवेल के बारे में बात करते हुए, स्टार ऑलराउंडर टखने की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम से बाहर हैं। मैक्सवेल फिलहाल रिहैब से गुजर रहे हैं।

### श्रीलंका से हार के बाद पाकिस्तान को लगा एक और तगड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान का एशिया कप 2023 का फाइनल खेलने का सपना चकनाचूर हो चुका है। सुपर–4 राउंड के अपने आखिरी मुकाबले में बाबर आजम एंड कंपनी को श्रीलंका के हाथों रोमांचक मैच में 2 विकेट से हार का मुंह देखना पड़ा। एशिया कप से बाहर होने के बाद पाकिस्तान टीम को एक और बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह पर वर्ल्ड कप 2023 के शुरुआती मैचों से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। इस बात की जानकारी खुद कप्तान बाबर आजम ने दी है। श्रीलंका के खिलाफ मिली हार के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने नसीम शाह और हैरिस रऊफ की फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया। उन्होंने बताया कि रऊफ काफी तेजी से रिकवर कर रहे हैं, लेकिन नसीम शाह की फिटनेस पर बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा, हैरिस रऊफ की स्थिति ज्यादा खराब नहीं है। उनको थोड़ा बहुत सिर्फ साइड स्ट्रेन है, लेकिन वह वर्ल्ड कप से पहले रिकवर हो जाएंगे। नसीम शाह की फिटनेस पर बात करते हुए बाबर ने कहा, नसीम शाह ने कुछ मैच मिस किए हैं, मुझे नहीं पता है कि उनको रिकवर होने में कितना समय लगेगा।

### मुथैया मुरलीधरन ने वर्ल्ड कप के लिए चुनी अपनी 4 पसंदीदा टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की मेजबानी में 5 अक्टूबर से वर्ल्ड कप के महाकुंभ का शुभारंभ होगा। पहला मैच में गत चौंपियन इंग्लैंड और उप विजेता न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। इससे पहले श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने कहा कि भारत वर्ल्ड कप जीत सकता है। मुथैया मुरलीधरन ने एएनआई के पॉडकास्ट पर बोलते हुए इस साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप को जीत सकने वाली चार पसंदीदा टीमों का चुनाव किया। मुरलीधरन के अनुसार, भारत के पास वर्ल्ड कप जीतने का मौका है। मुरलीधरन ने कहा कि भारत को होम ग्राउंड का फायदा मिलेगा। पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर ने कहा कि भारत के अलावा इन तीन टीमों के पास भी वर्ल्ड कप जीतने का मौका है। इनमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और पाकिस्तान टीम शामिल हैं।

### 5 हीरो जो टीम इंडिया के लिए वनडे वर्ल्ड कप में भी मचाएंगे गदर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एशिया कप 2023 का फाइनल मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया के टॉप के खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल दिखाया है। जिसमें कप्तान रोहित शर्मा का भी नाम शामिल है। शुभमन गिल भी एशिया कप में अच्छे टच में दिखे हैं। विराट कोहली भी लिमिटेड ओवरों में अपने पूरे रंग में आ चुके हैं। कुलदीप यादव टीम इंडिया के सबसे बड़े मैच विनर साबित हो सकते हैं। चोट के वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी पहले से अधिक खतरनाक बन गए हैं।

पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सडक सुरक्षा सह जागरुकता अभियान का किया जा रहा आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में सडक सुरक्षा सह जागरुकता अभियान आयोजित किया जा रहा है, जिसके अर्न्तगत विद्यालय ६ महाविद्यालयों में सड़क के आस–पास के स्थलों पर जागरूकता शिविर, नुक्कड नाटक, एवं रैली भी आयोजित किये जा रहे हैं, रेडियो कार्यक्रम ६ प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है तथा सडक सुरक्षा एवं जागरुकता अभियान विषय पर चित्रकला/स्लोगन/निबन्ध प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है।

### जल्द तैयार होगा महासू मंदिर का मास्टर प्लानः महाराज

**संवाददाता** देहरादून। हनोल स्थित महासू मंदिर एवं दसऊ स्थित चालदा महाराज मंदिर परिसर में जागड़ा राजकीय मेला पर्व को लेकर चार ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में 18 सितंबर का अवकाश घोषित कर दिया गया है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के निर्देश पर देहरादून और उत्तरकाशी के सीईओ ने आदेश जारी किए। महाराज ने कहा है कि जल्दी ही हनोल स्थित महासू देवता मंदिर का मास्टर प्लान तैयार कर वहां का सुनियोजित विकास किया जाएगा।

### डीआईटी यूनिवर्सिटी में रक्तदान शिविर आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान डीआईटी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का सफल रक्तदान किया गया। छात्रों ने 150 यूनिट रक्तदान किया। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं देवभूमि विकास संस्थान के आह्वान पर डेंगू महामारी से लड़ने को छात्रों और शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, सीएमआई अस्पताल के निदेशक डॉक्टर आर के जैन, वीसी– डीआईटी डॉ .जी. रघुराम, रजिस्ट्रार डॉ. सैमुअल, डीन अल्यूमिनी डॉ.नवीन सिंघल ,डॉ.जबरिंदर सिंह, सौरभ मिश्रा, मंजुला खुल्बे, अग्रणी रक्तदाता एवं अनिल वर्मा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन से हुआ।

### उत्तराखंड में 1000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी महिंद्रा हॉलिडेज

**संवाददाता** देहरादून। फ्लैगशिप ब्रांड क्लब महिंद्रा के तहत भारत की अग्रणी वैकेशन ओनरशिप और लेजर हॉस्पिटालिटी कंपनी महिंद्रा हॉलीडेज एंड रिसॉर्ट्स (एमएचआरआईएल) ने उत्तराखंड में अगले कुछ वर्षों में 1000 करोड़ रुपये का निवेश करने और 4–5 बड़े मार्की रिसॉर्ट निर्माण के लिए आज उत्तराखंड सरकार (यूके) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

# लोगों के लिए हर शनिवार थाना क्षेत्रों में लगेगी चौपालः एसएसपी

**प्राथमिकता**

■ देहरादून के नए एसएसपी बनें अजय सिंह, पदभार ग्रहण करते हुए बताई अपनी प्राथमिकता

**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून के नवनियुक्त एसएसपी अजय सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण करते हुए अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा की स्ट्रीट क्राइम पर अंकुश लगाना और नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 2025 तक देवभूमि को ड्रग फ्री बनाना है। हर शनिवार थानों में चौपाल लगेगी। शिकायत करने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

**पीड़ित केंद्रित पोलिसिंग पर होगी पुलिस की प्राथमिकता:** इसके साथ ही पुलिस की प्राथमिकता पीड़ित केंद्रित पोलिसिंग पर होगी। किसी भी पीड़ित को भटकने की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा जिस थाना क्षेत्र में लोगों की सुनवाई नहीं होती उनका डाटा तैयार किया जाएगा। एक महीने में समीक्षा कर संबंधित थाना पुलिस के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस वक्त जिले में सबसे बड़ी समस्या जमीन संबंधी फर्जीवाड़े की है। जालसाजों के खिलाफ कड़ी करवाई और कठोर कानून मसलन गैंगस्टर एक्ट में करवाई कर उनकी संपत्ति को जब्त किया जाएगा।



एसएसपी ने यातायात की समस्या पर कहा कि ये बड़ी समस्या है। ये भी प्राथमिकता में है। इसके जो भी कार्रवाई संभव होगी वह की जायेगी। इसके अलावा समय समय पर बात स्कूल की। मनमानी की आती है। ऐसे में स्कूल प्रबंधन से वार्ता की जायेगी।

**एसएसपी अजय सिंह का परिचय** अजय सिंह इससे पहले हरिद्वार के कप्तान थे। अजय सिंह 2014 बैच के आईपीएस अफसर हैं। उन्होंने 2005 में प्रादेशिक पुलिस सेवा के जरिए पुलिस में बतौर डीएसपी सेवा शुरू की थी। 2018 में उनका प्रमोशन आईपीएस में हुआ और उन्हे 2014 बैच मिला। अजय सिंह देहरादून में एसपी सिटी भी रह चुके हैं। जबकि, इससे पहले सीओ सिटी देहरादून, सीओ डालनवाला समेत देहरादून के कई पुलिस सर्किल में रहे हैं। वह हरिद्वार के एसपी देहात भी रहे हैं।

**आईपीएस बनने के बाद पहला जिला मिला रुद्रप्रयाग** :आईपीएस बनने के बाद उन्हें पहला जिला रुद्रप्रयाग मिला था। इसके बाद वह पुलिस मुख्यालय में एसपी कार्मिक और इसके बाद 2020 में एसएसपी एसटीएफ बने थे। उनके कार्यकाल में ही परीक्षा घपलों में कई बड़ी कार्रवाई हुई थी।

### भारत रत्न इंजीनियर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया को किया गया याद

देहरादून। पिटकुल में शुक्रवार को इंजीनियर्स डे पर बेहतर काम के लिए इंजीनियरों की पीठ थपथपाई गई। भारत रत्न इंजीनियर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया को याद किया गया।

इस अवसर पर एमडी पीसी ध्यानी ने ने देश में इंजीनियरिंग क्षेत्र में अहम योगदान देने वाले सभी इंजीनियरों को नमन किया। कहा कि एम विश्वेश्वरैया देश के एक महान अभियन्ता थे। कहा कि समाज एवं देश की उन्नति में इंजीनियरों का अहम योगदान है। देश अथवा समाज में जितने भी अविष्कार, तकनीकी और निर्माण कार्य होते हैं, उनके पीछे कोई न कोई इंजीनियर ही होता है। कहा कि पिटकुल में भी इंजीनियरों ने 220 केवी शेरपुर–व्यासी–झाझरा डबल शर्किट लाइन के टावर के भुस्खलन से हुए झुकाव के कारण प्रभावित हुई विद्युत आपूर्ति को दोबारा बहाल किया। कोटद्वार–नजीबाबाद लाइन में विद्युत आपूर्ति को दोबारा चालू किया। हर मुश्किल समय में इंजीनियरों ने आगे बढ़ कर मोर्चा संभाला है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन जीएम अशोक कुमार जुयाल ने किया।

# चार धाम यात्रा में स्वास्थ्य सिस्टम होगा मजबूत: धन सिंह

**भेंट**

■विश फाउण्डेशन तथा स्वास्थ्य विभाग के बीच हुआ अनुबंध

■आधुनिक तकनीक और डिजिटल संसाधनों का होगा उपयोग

**संवाददाता**

देहरादून। चार धाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को शुक्रवार को एमओयू हुआ। स्वास्थ्य विभाग और विश फाउण्डेशन के बीच समझौता पत्र पर साइन किए गए। एमओयू के तहत चार धाम यात्रा में आने वाले यात्रियों को आधुनिक तकनीक और डिजिटल संसाधनों का उपयोग करते हुये स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



यमुना कालोनी स्वास्थ्य मंत्री आवास पर एमओयू साइन हुआ। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के साथ ही उनके विस्तार को लेकर लगातार प्रयासरत है। ये एमओयू इसी कड़ी में किया गया है। इस अनुबंध के अनुसार नए मॉडलों का उपयोग करत हुए सुलभ प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली विकसित की जाएगी। चार धाम यात्रा में आने वाले यात्रियों और आस–पास के लोगों का नई तकनीक से इलाज किया जाएगा। चार धाम यात्रा में तैनात डॉक्टरों, पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टॉफ को आपात स्थिति से निपटने को ट्रेंड किया जाएगा। चार यात्रा काल के लिये सम्बंधित संस्था विभागीय अधिकारियों के साथ मिल कर विस्तृत रोड मैप तैयार करेगी। इसे अगली चार धाम यात्रा में लागू किया जाएगा। एमओयू पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह और विश फाउण्डेशन के सीईओ पूर्व आईएएस डॉ राकेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर पूर्व आईएएस भास्कर खुल्बे, अपर सचिव स्वास्थ्य अमनदीप कौर, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा, डॉ. तुहिन कुमार तथा विश फाउण्डेशन के डॉ. विवेक यादव, मिल्टन नायक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अभद्र व्यवहार की शिकायत पर मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

**संवाददाता** देहरादून। उप जिलाधिकारी सदर नन्दन कुमार ने अवगत कराया है कि भगत सिंह कालोनी अधोईवाला निवासी विशाल आजाद पुत्र शमशेर सिंह तथा उनके भाई ईरशाद के साथ एमकेपी चौक दून में पुलिस कार्मिकों के द्वारा जाति सूचक शब्द व उन पर किये अभद्र व्यवहार की शिकायत पर अल्पसंख्यक आयोग अधोईवाला के निर्देश पर जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए गए हैं तथा जांच अधिकारी उप जिलाधिकारी सदर को नामित किया गया है। उप जिलाधिकारी सदर ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि इस प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई मौखिक तथा लिखित साक्ष्य प्रस्तुत देना हो तो सार्वजनिक सूचना प्रकाशन से 10 दिन की अवधि के भीतर उप जिलाधिकारी सदर के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना लिखित/मौखिक साक्ष्यध्पक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।